हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

11 त्योहारों व शादी सीजन में सुरक्षा व यातायात...



12 उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन...



खबर संक्षेप

सुमन भाजपा जनकल्याण मंच की जिलाध्यक्ष बनीं

मंडी अटेली। गांव सलीमपुर तुर्कियावास निवासी सुमन कटारिया को भाजपा जनकल्याण मंच का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति भाजपा जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिलकधारी की ओर से करवाई गई है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुमन कटारिया ने कहा कि संगठन की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों और अधिकारियों तक उनकी बात पहुंचाई जाएगी, ताकि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर सुमन कटारिया ने भाजपा जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिलकधारी व प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा का आभार व्यक्त किया।

खासपुर में स्वच्छता की अलख जगाई

मंडी अटेली। सेवा संकल्प अभियान के तहत सिहमा खंड की ग्राम पंचायत खासपुर में महिला सरपंच रीना देहरान ने सफाई कर्मचारी के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने स्वयं सफाई कार्य में भाग लेकर ग्रामीणों को गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। मौके पर पूर्व सरपंच ओमप्रकाश यादव, सरपंच प्रतिनिधि दारासिंह, बलवंत सिंह यादव, हीरालाल, देवेंद्र, सुरेंद्र, गजराज सिंह, सुरेश यादव, कविता पंच, रेवती, चमेली, शकुंतला देवी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

बंद मकान का ताला तोड़कर सामान चोरी

कनीना। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव दौंगड़ा जाट में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए नकदी, जेवरात व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में दौंगड़ा अहीर निवासी छोटा देवी ने बताया कि वह घरेलू काम करती हैं। लगभग 15 दिन पहले वह अपने बच्चों के पास दिल्ली गई थी। 13 अक्टूबर को पड़ोसन ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही जब वह घर पहुंची और अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। जांच करने पर पता चला कि घर में रखे लगभग दो-तीन हजार रुपये नकद, कीमती कपड़े, चांदी की पाजेब और गाड़ी का एक स्पीकर गायब थे।

अब तक 46,964 मीट्रिक टन बाजरे की हुई खरीद

नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला महेंद्रगढ़ में बाजरे की खरीद पारदर्शी और सुचारू ढंग से की जा रही है। यह जानकारी उपायुक्त अनुपमा अंजली ने वीरवार को प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद दी। बताया कि जिले में अब तक 19,369 किसानों के गेट पास जारी किए जा चुके हैं। किसानों की सुविधा के लिए सरकार ने ई-खरीद ऐप शुरू किया है, जिस पर उन्हें खरीद से जुड़ी जानकारी उपलब्ध हो जाती है। जिले की अनाज मंडियों में अब तक 50,354 मीट्रिक टन बाजरे की आवक हुई है, जिसमें से 46,964 मीट्रिक टन की खरीद हुई है। खरीदे गए बाजरे में से 26,707 मीट्रिक टन का उठान भी हो चुका है, जो कुल खरीद का लगभग 56 प्रतिशत है। बैठक में उपायुक्त ने सभी एसडीएम और मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि बाजरा बेचने आने वाले किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

5 किमी. लंबा मॉडल रोड बनेगा

रफ्तार, सुविधा और सुंदरता का नया सफर

नपा ने बजट स्वीकृति के लिए सरकार को भेजा प्रस्ताव, मंजूरी मिलते ही शुरू होगा काम

विकास गोडवाल ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के विकास, सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में नगर पालिका ने महत्वपूर्ण पहल की है। शहर में लगभग पांच किलोमीटर लंबे प्रमुख सड़क मार्ग को मॉडल रोड के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की गई है। आवश्यक बजट उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रस्ताव हरियाणा सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। बजट स्वीकृत होने के बाद परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा।

इन स्थानों से होकर गुजरेगा रोड

प्रस्तावित योजना के अनुसार, लगभग पांच किलोमीटर लंबा मॉडल रोड शहर के कई महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ने वाला मार्ग होगा। इसमें राव तुलाराम चौक से शुरुआत करते हुए बालाजी चौक, रेलवे स्टेशन, माजरा चुंगी चौक, माता मसानी चौक, डुलाना रोड, मोड़ावाली आश्रम मंदिर, धौलपोश गौशाला और मोहल्ला सैनीपुरा होते हुए महाराजा शूरसैनी चौक तक का मार्ग शामिल है। यह मार्ग शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, चौराहों और रिहायशी क्षेत्रों को जोड़ने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे में इसके आधुनिक रूप में विकसित होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने की संभावना है। साथ ही, सड़क से जुड़े प्रमुख स्थानों का व्यवस्थित विकास होने से शहर की समग्र तस्वीर में भी सकारात्मक बदलाव आ सकता है। रेलवे स्टेशन और प्रमुख चौकों से जुड़ाव होने के कारण इस सड़क मार्ग का महत्व और बढ़ जाता है। मॉडल रोड के रूप में विकास होने पर संबंधित क्षेत्रों में सड़क सुविधाओं को व्यवस्थित करने और यातायात को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद मिल सकती है।

प्रस्तावित मॉडल रोड के निर्माण से महेंद्रगढ़ शहर को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने के साथ-साथ सुविधाओं को बेहतर बनाने, यातायात व्यवस्था को सुचारु करने तथा नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना को शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। योजना के तहत शहर के प्रमुख मार्गों और महत्वपूर्ण चौराहों को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट, जल निकासी, फुटपाथ और चौराहों के सौंदर्यीकरण जैसी सुविधाओं को योजना का हिस्सा बनाया गया है। इससे शहरवासियों के साथ-साथ महेंद्रगढ़ आने वाले लोगों को भी बेहतर सड़क सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका मुख्यद्वार। फोटो : हरिभूमि

विकसित महेंद्रगढ़ का लक्ष्य

नगरपालिका प्रधान रमेश सैनी के अनुसार, जनसेवा और शहर का सर्वांगीण विकास प्राथमिक लक्ष्य है। प्रस्तावित मॉडल रोड की योजना भी इसी दिशा में एक कदम है। शहर में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार करने, सार्वजनिक स्थानों को बेहतर बनाने और नागरिकों को सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इस प्रकार की विकास योजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। महेंद्रगढ़ में लगभग पांच किलोमीटर लंबे मॉडल रोड की योजना यदि बजट स्वीकृति के बाद निर्धारित रूप में लागू होती है, तो इससे शहर के प्रमुख मार्गों के विकास को नई दिशा मिल सकती है। सड़क के साथ-साथ स्ट्रीट लाइट, जल निकासी, फुटपाथ और चौराहों का सौंदर्यीकरण शहर के आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाने में सहायक हो सकता है।

आधुनिक सुख-सुविधाओं से लैस होगी नए जमाने की नई सड़क

नगरपालिका द्वारा तैयार की गई योजना में सड़क को केवल नया स्वरूप देने तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसे आधुनिक शहरी सुविधाओं के अनुरूप विकसित करने की परिकल्पना की गई है। प्रस्तावित परियोजना में सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के साथ आधुनिक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था विकसित करने पर जोर रहेगा। इसके अतिरिक्त, बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को कम करने के उद्देश्य से बेहतर जल निकासी व्यवस्था विकसित करने की योजना भी प्रस्तावित है। यदि जल निकासी की व्यवस्था को व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जाता है, तो इससे सड़क की उपयोगिता और टिकाऊपन बेहतर बनाने में सहायता मिल सकती है। योजना में फुटपाथ और सुरक्षित यातायात सुविधाओं को भी शामिल किया गया है। फुटपाथ विकसित होने से पैदल चलने वाले लोगों को सुविधा मिल सकती है। वहीं, प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण होने से सड़क मार्ग को अधिक व्यवस्थित और आकर्षक बनाया जा सकेगा। आधुनिक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था से रात के समय सड़क पर रोशनी बेहतर करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, सड़क निर्माण और अन्य सुविधाओं को समन्वित रूप से विकसित करने पर शहरवासियों को एक बेहतर सार्वजनिक मार्ग उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है।

दो साल पहले लगाए हजारों छायादार पौधे उखाड़ने का लगा आरोप

खनन में उड़ी नियमों की धज्जियां विरोध पर जांच के लिए कमेटी गठित

राजस्व विभाग की पैमाइश पर भी उठे सवाल, आबादी के पास खनन से हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

दौंखेरा गांव के पहाड़ को खनन लीज पर छोड़ने से गांव में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने माइंस संचालक से मिलीभगत करके गलत पैमाइश करने तथा अवैध खनन की रिपोर्ट को दबाने के आरोप लगाए हैं। आक्रोशित लोगों ने पहले पैमाइश करने पहुंचे अधिकारियों से शिकायतकर्ताओं की निगरानी में रिपोर्ट बनाने की गुहार लगाई। सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने शाम 3 बजे एसडीएम कार्यालय पर धरना आरंभ कर दिया। मौके पर पहुंची तहसीलदार निशा श्योराण ने पैमाइश में पारदर्शिता तथा ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। जिससे संतुष्ट ग्रामीण धरने को खत्म करके घरों को रवाना हो गए।

असंतुष्ट ग्रामीण पहुंचे एसडीएम कार्यालय, तब बनी बात





नांगल चौधरी। पहाड़ पर पैमाइश करते अधिकारी व एसडीएम कार्यालय में पैमाइश पर मिलीभगत के आरोप लगाते ग्रामीण।

अनुमति मिलने से पहले ही खनन का आरोप

ग्रामीणों के विरोध पर लीज होल्डर को खनन रोकना पड़ा था। लेकिन अब विभाग ने पहाड़ को दोबारा से लीज पर छोड़ने की प्रक्रिया आरंभ कर दी। अनुमति मिलने से पहले ही संचालक ने खनन की गतिविधियां बढ़ा दी और रात के अंधेरे पर मिट्टी खनन करके हजारों छोटे पौधों को नष्ट कर दिया। करीब दो साल पहले पहाड़ की तलहटी पर फलदार पौधे लगाए थे, जिनसे पशु-पक्षियों को भोजन मिलना आरंभ हो गया। पहाड़ के हरियाली रकबे पर सैकड़ों युवा शारीरिक अभ्यास करते हैं। किंतु अब खनन प्रक्रिया शुरू होने से पशुओं का चारा तथा ग्रामीणों का शुद्ध वातावरण प्रभावित हो गया। बीते दिनों खनन शुरू होते ही प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समाधान की गुहार लगाई थी, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। वीरवार की सुबह विभागीय अधिकारियों की टीम पैमाइश करने पहाड़ पहुंची तथा माईंस संचालक को साथ लेकर खनन रकबा मापना आरंभ कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि माईंस में गांव की तरफ उच्च क्वालिटी का पत्थर है जिसे निकालने के लिए पैमाइश को प्रभावित किया गया है। जिससे आक्रोशित ग्रामीण एसडीएम कार्यालय में पहुंच गए। यहां एसडीएम नहीं मिलने पर धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने पर तहसीलदार निशा श्योराण मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों की समस्या सुनी। उन्होंने पैमाइश रिपोर्ट में पारदर्शिता रखने तथा अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पूर्व सरपंच लालचंद, कालू बटार, महेश कुमार व महावीर ने बताया कि दौंखेरा के पहाड़ को करीब 10 साल पहले लीज पर छोड़ा गया था। उस दौरान संचालक ने विभागीय अधिकारियों से साजबाज होकर पंचायती रकबे पर जमकर खनन किया तथा सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाया था।

अवैध खनन की पुष्टि पर होगी सख्त कार्रवाई

तहसीलदार निशा श्योराण ने बताया कि ग्रामीणों ने माईंस संचालक पर हरे पौधों को उखाड़ने तथा अवैध खनन का आरोप लगाया है। जांच के लिए कमेटी गठित की जाएगी, जिसकी रिपोर्ट में पुष्टि हुई तो संचालक के खिलाफ कार्रवाई होगी। खनन के आसपास संभावित हादसे के प्वाइंटों का निरीक्षण करेंगे ताकि ग्रामीणों को जानमाल का खतरा नहीं रहे।

मकानों पर पत्थर गिरने की आशंका

ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़ पर रोजाना सैकड़ों पशु चरते हैं, साथ ही 50-60 मकान हैं जहां 400-500 ग्रामीण रहते हैं। हैवी ब्लास्टिंग से उछले हुए पत्थर मकानों पर गिरेंगे जिससे जानलेवा खतरा बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि खनन की डस्ट से गांव में सिलिकोसिस, दमा, एलर्जी व आंखों की बीमारी पनपने का आशंका बनी हुई है।



नारनौल। शहर में विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते राकेश महता एडवोकेट।

काला कानून बता सवर्ण समाज एकता मंच ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सवर्ण समाज के प्रतिनिधि व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने वीरवार शहर में विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन मोहल्ला चौधरीयान स्थित गौड़ ब्राह्मण सभा से पैदल मार्च के रूप में शुरू हुआ और महावीर चौक होते हुए लघु सचिवालय पहुंचा। वहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से यूजीसी नियम, एससी-एसटी एक्ट के कथित दुरुपयोग व जातिगत आरक्षण के विरोध और सवर्ण आयोग का गठन व समान शिक्षा समान अधिकार की मांग उठाई गई।

इस अवसर पर हरियाणा ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा कुरुक्षेत्र और युजीसी बैक रोल के प्रदेश संयोजक डा. अशोक दीक्षित रोहतक व कैप्टन ऋषि प्रकाश अत्री ने कहा कि यह अभियान किसी जाति अथवा समाज के विरोध में नहीं है।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज से प्रधान संदीप नूनीवाल, सुरेन्द्र चौधरी, राजपूत समाज के प्रतिनिधि सवाई सिंह राठौड़, सरदार गुरमेल सिंह, महेन्द्र कौशिक, हेमंत शर्मा एडवोकेट, गोबिन्द शर्मा एडवोकेट, राकेश कौशल, कृष्ण शर्मा ठेकेदार, उमाशंकर चौबे, रामानंद शर्मा अटेली, विजय गोस्वामी, डा.धीरज शर्मा, सरोज बाला शर्मा, प्रियंका शर्मा, विशु पंडित, विजय शर्मा, राकेश तंवर, दिनेश सांखला, औमप्रकाश चौहान, कृष्ण भारद्वाज सतनाली, गोपाल शांडिल्य, अनील बवानीया, देवीलाल शर्मा, पवन शुक्ला, अशोक शर्मा, रवीन्द्र कौशिक कनीना, सुरेश वशिष्ठ, गौरव गौड़, नवीन पाराशर, राजेश चौधरी, सुमित अग्रवाल, सुनील बंसल, संजय गर्ग, आशीष चौधरी सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बीपीएल परिवारों को बकाया बिजली बिल में छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को राहत देने के लिए बकाया बिजली बिल माफी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों के पुराने बिजली बिलों के बकाया में छूट दी जाएगी। विधायक ओमप्रकाश यादव ने वीरवार को जारी बयान में यह जानकारी दी।

यादव ने बताया कि परिवार पहचान पत्र के डेटाबेस के अनुसार पारिवारिक सूचना डेटा भंडार (एफआईडीआर) में जिन अंत्योदय परिवारों की सत्यापित वार्षिक आय एक लाख रुपये तक दर्ज है, उन्हें इस योजना के दायरे में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए पिछले 12 महीनों की औसत मासिक बिजली खपत 150 यूनिट तक होने की शर्त भी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योजना में भुगतान में चूक के कारण लंबित बिजली बिलों, विवादित बिलों और बिजली चोरी से संबंधित मामलों को भी शामिल किया गया है। हालांकि इन मामलों में योजना के निर्धारित नियमों और पात्रता शर्तों के अनुसार ही राहत दी जाएगी। योजना के तहत बिजली खपत के आधार पर प्रति यूनिट शुल्क निर्धारित किया गया है। 50 यूनिट तक मासिक खपत पर दो रुपये प्रति यूनिट और 51 से 100 यूनिट तक की खपत पर 2.50 रुपये प्रति यूनिट शुल्क लिया जाएगा। वहीं 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर 1 से 150 यूनिट तक की खपत के लिए 2.75 रुपये प्रति यूनिट की दर निर्धारित की गई है।



विधायक ओमप्रकाश यादव।

पाली में नहरी नेटवर्क से जुड़ेंगे दो जोहड़, 53.64 लाख होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भूजल रीचार्ज की दिशा में एक और सकारात्मक प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह के प्रयास से गांव पाली में दो जोहड़ नहरी नेटवर्क से जोड़े जाएंगे। बाबा जयरामदास धाम जोहड़ के साथ लगते जोहड़ व सेढू वाली जोहड़ी को पाइप लाइन के माध्यम से नहरी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। बाबा जयरामदास धाम जोहड़ को महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी के लगभग 7.55 किमी के साथ से पाइप लाइन के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इसके साथ-साथ सेढू वाली जोहड़ी को भी धोली माइनर के 4.5 किमी के साथ से पाइप लाइन के माध्यम से जोड़ा जाएगा। बाबा जयरामदास धाम आस्था का एक बड़ा केन्द्र है। यहां बड़ा पक्षी घर भी बनाया हुआ है। जोहड़ में समुचित पानी भरने से ना सिर्फ आने वाले श्रद्धालुओं को लाभ होगा, बल्कि पक्षियों को भी पीने के लिए पानी उपलब्ध रहेगा। इसके साथ-साथ आसपास भी भूजल रीचार्ज में लाभ मिलेगा। गांव पाली की बणी में सेढू वाली जोहड़ी को धोली माइनर से जोड़ा जाएगा। बणी में पशुओं को पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा आसपास के कुओं में भी भूजल रीचार्ज होगा। गांव पाली के सरपंच देशराज फौजी, समस्त मंदिर कमेटी व गांव ने इस कार्य की मंजूरी पर खुशी जाहिर की है। संदीप मालड़ा ने बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार का ध्येय है कि भूजल रीचार्ज के ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट पूरे किए जाए, जिससे किसान को फायदा हो।



महेंद्रगढ़। बाबा जयरामदास धाम जोहड़। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पतालों में नहीं लगेगी लंबी कतार, ऑनलाइन मिलेगा ओपीडी स्लॉट

प्रदेश में कैशलेस होंगी अस्पताल की सभी सेवाएं

पर्ची के शुल्क का भी क्यूआर कोड से होगा भुगतान, मरीजों का बचेगा समय, कम होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य सेवाओं को आम आदमी के लिए अधिक सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में हरियाणा सरकार की ओर से अस्पतालों में नई व्यवस्था लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर प्रदेश के सभी अस्पतालों में कैशलेस सुविधा लागू की जाएगी। इसके साथ ही मरीजों को ओपीडी की पर्ची कटवाने के लिए घंटों कतार में खड़े रहने की परेशानी से भी राहत मिलेगी। मरीज अपना ओपीडी स्लॉट पहले से बुक करा सकेंगे।

इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से यह व्यवस्था मरीजों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि नई कैशलेस प्रणाली लागू होने से अस्पताल की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। अस्पताल में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की सेवाओं के लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान अब क्यूआर कोड के माध्यम से किया जा सकेगा। डॉ. शर्मा के अनुसार ओपीडी के लिए स्लॉट की बुकिंग क्यूआर कोड के जरिए अथवा ऑनलाइन माध्यम से की जा सकेगी। मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल में इसके लिए अलग काउंटर भी स्थापित किया जाएगा। स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था शुरू होने के बाद मरीजों को अपनी बारी के लिए लंबी लाइन में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों को समय की बचत के साथ सुविधा मिल सकेगी।



नारनौल। नागरिक अस्पताल का मुख्यद्वार। फोटो : हरिभूमि

आज से बदलेगा ओपीडी का समय

अस्पताल में 16 अक्टूबर से ओपीडी के समय में भी बदलाव किया जाएगा। अब ओपीडी सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक के बजाय सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक संचालित होगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशा शर्मा ने स्पष्ट किया कि ओपीडी के समय में किया गया यह बदलाव कोई नई व्यवस्था नहीं है। सर्दियों के मौसम को देखते हुए प्रत्येक वर्ष ओपीडी के समय में इसी प्रकार परिवर्तन किया जाता है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार नई व्यवस्था का उद्देश्य मरीजों को अस्पताल में मिलने वाली सेवाओं के लिए अधिक सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध कराना और भुगतान प्रक्रिया को कैशलेस बनाना है।

एसआईआर के 99% से ज्यादा नोटिस की सुनवाई

■ दावों और आपत्तियों की सुपर चेकिंग का काम हो चुका है पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एसआईआर के कार्य को लेकर वीरवार को हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवास ने सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। बैठक में महेंद्रगढ़ जिले में अब तक हुए कार्य की भी समीक्षा की गई। बैठक के बाद उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि जिले में एसआईआर का काम बेहद पारदर्शी तरीके से चल रहा है। जिले में अब तक करीब 1.23 लाख नोटिस जारी किए गए, जो सभी संबंधित लोगों तक पहुंचा दिए गए हैं। इनमें से लगभग 1.22 लाख मामलों में सुनवाई हो चुकी है, यानी 99 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो गया है। शेष मामलों का निपटारा भी जल्द करने की तैयारी है। प्रक्रिया के दौरान फॉर्म छह, सात और आठ के तहत जिले में 28 हजार से ज्यादा आवेदन मिले। इनमें से करीब 25 हजार आवेदनों का निस्तारण किया जा चुका है। दावे और आपत्तियों की सूची चारों निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों की ओर से हर सप्ताह राजनीतिक दलों के साथ साझा की जा रही है, जबकि दावों और आपत्तियों की सुपर-चेकिंग का काम पूरा हो चुका है।

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

कर्नाटक के मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

गुजरात में दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

नींद खुली



छोटी कहानी
डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'

पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'



एआई इनोज

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



एआई इनोज

हंसगुल्ले



चिंटू : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मिंटू: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

सोनी : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
पापा : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
सोनी : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
-खुशी, महेंद्रगढ़

गप्पा : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
गोलू : क्यों?
गप्पा(हंसते हुए) : क्योंकि मेरा टीवी केवल 31 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-226 का उत्तर : 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले : स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी
सुमन बाजपेयी

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

चुप्पी तोड़ें !

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'



एआई इनोज

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

'यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें।' *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *



किताब: पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाजूबंद नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के परिधान का रंग बदला हुआ है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



उत्तर: B

नारनौल व महेंद्रगढ़ के थाना प्रभारियों की एसपी ने ली अलग-अलग बैठक

अपराधों के खुलासे के साथ रोकथाम पर भी रहे पुलिस का फोकस : पुलिस अधीक्षक

त्योहारों व शादी सीजन में सुरक्षा व यातायात व्यवस्था होगी और मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अपराध नियंत्रण और पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने बुधवार को नारनौल व महेंद्रगढ़ क्षेत्र के थाना प्रभारियों की अलग-अलग बैठक लेकर कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने थाना-वार अपराध रिकॉर्ड, लंबित मामलों और अनुसंधान की प्रगति की जानकारी लेते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश दिए। आगामी त्योहारों और शादियों के सीजन को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठकों में एएसपी वीरेंद्र सिंह, डीएसपी डॉ. कविता व डीएसपी मुख्यालय भारत भूषण सहित संबंधित थाना एवं शाखा प्रभारी मौजूद रहे। एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस का फोकस केवल अपराधों के खुलासे तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनकी रोकथाम भी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे व्यक्तियों की समय-समय पर चेकिंग और नियमानुसार निगरानी करने के साथ क्राइम हॉटस्पॉट पर प्रभावी नाकाबंदी एवं नियमित गश्त सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों से लंबित मामलों की स्थिति, देरी के कारणों और निस्तारण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। अनुसंधानाधीन मामलों के यूआई प्रतिशत की समीक्षा करते हुए इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। पीड़ित को समय पर न्याय दिलाने के लिए प्रत्येक मामले में गंभीरता और निष्पक्षता से कार्रवाई की जाए तथा न्यायालय से संबंधित कार्यों की समयबद्ध अनुपालना सुनिश्चित हो। बैठक में कोर्ट रिटर्न पोर्टल, यूआईडीबी और नैटग्रिड से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। एसपी ने आवश्यक विवरण समय पर अपडेट करने, रिकॉर्ड की शुद्धता बनाए रखने तथा अनुसंधान में आवश्यकता के अनुसार नैटग्रिड का अधिकृत एवं नियमानुसार उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना और शाखाओं के बीच सूचनाओं के समय पर आदान-प्रदान तथा बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया।



नारनौल। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी दीपक कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

नशा, अवैध हथियार व अपराधियों पर होगी सख्ती

लड़ाई-झगड़े के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए एसपी ने कहा कि छोटे विवाद गंभीर घटना में बदलने से पहले प्रभावी कदम उठाए जाएं। दबंग एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निगरानी मजबूत करने को कहा गया। सोशल मीडिया पर धमकी देने, अपराध का महिमामंडन करने अथवा आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर भी नजर रखते हुए तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अवैध हथियार, नशा और अवैध शराब से जुड़े मामलों में कार्रवाई एवं अनुसंधान में लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी गई। स्कूल-कॉलेजों और उनके आसपास भी समय-समय पर प्रभावी चेकिंग के निर्देश दिए गए। एसपी ने उद्घोषित अपराधियों और बेल जंपरों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज करने तथा विधिक प्रावधान लागू होने पर उनकी चल-अचल संपत्तियों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई आगे बढ़ाने को कहा।

निगरानी पर रहेगा खास जोर

त्योहारों व शादियों के सीजन को देखते हुए बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और विवाह समारोह स्थलों के आसपास प्रभावी गश्त और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शराब पीकर या लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। एसपी ने कहा कि दुर्घटनाओं की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाए।

सीसीटीवी कवरेज मजबूत करेंगे

अपराध की रोकथाम व आरोपितों की पहचान में तकनीकी संसाधनों के उपयोग पर जोर देते हुए एसपी ने संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कवरेज मजबूत करने के निर्देश दिए। पहले से लगे कैमरों और रिकॉर्डिंग व्यवस्था की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा गया।

निवाजनगर के रामलीला महोत्सव में कलाकारों के अभिनय ने मोहा सबका मन

श्रीराम-केवट संवाद और भरत मिलाप की लीला का मंचन देख भावविभोर हो उठे दर्शक



नारनौल। मंचन करते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

निवाजनगर में आयोजित रामलीला महोत्सव के पांचवें दिन दशरथ मरण, श्रीराम-केवट संवाद और भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों के अभिनय को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। श्री दुर्गा रामलीला सेवा समिति की ओर से आयोजित रामलीला में एडवोकेट राकेश मेहता मुख्य अतिथि रहे। कलाकारों ने श्री राम के वन में पहुंचने से पूर्व श्री राम केवट संवाद की लीला का मंचन किया। दशरथ मरण का दृश्य देखकर दर्शकों की आंखों में आशु बह निकले। वहीं लीला के अंत में श्री राम और भरत मिलाप का दृश्य दिखाया गया। इस दृश्य ने भी दर्शकों का भावुक कर दिया। इसके बाद भरत श्री राम के खड़ाऊ लेकर वन से अयोध्या लौट जाते हैं। इसमें दशरथ का अभिनय किशनलाल, कैकई का पवन कुमार, वशिष्ठ का वीरेंद्र शर्मा, राम का योगेश सैनी, लक्ष्मण का रवि सैनी, सीता का युवराज सैनी, भरत का लक्ष्मण स्वामी, कौशल्या का पुनीत, सुमित्रा का रितिक, केवट का जीतू सैनी ने निभाया। इस मौके पर प्रधान कुलदीप सैनी, पूर्व प्रधान नवीन शर्मा, मदनलाल वर्मा, कमल सैनी, प्रवीण सैन, ईश्वर सैनी, राधेश्याम सैनी, सुरेन्द्र, शशिकांत वर्मा, राहुल स्वामी, हर्ष, कपिल मौजूद रहे।

चांदुवाड़ा में भक्तिमय हुआ वातावरण

नारनौल। मोहल्ला चांदुवाड़ा स्थित श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में बुधवार को श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। वर्ष रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों ने अत्रि मिलन व गुरु-चेला संवाद के सुंदर दृश्यों को जीवंत किया। इसके साथ ही भगवान राम की चरण पादुकाएं सिर पर रखकर लाते हुए भरत, विराट वध की लीला तथा दशरथ जी द्वारा अंतिम समय में मंत्री जी से राम, लक्ष्मण व सीता को वापस अयोध्या लाने के लिए निवेदन करने के प्रसंगों का अत्यंत भावुक मंचन किया गया। इन सभी दृश्यों के सफल निर्देशन की जिम्मेदारी डॉ. मनोज वर्मा ने संभाली। मुख्य भूमिकाओं में दीपक हरित, अनिल चौहान, राजेश सोनी, दिनेश सैनी, मनमोहन, रोहित, विष्णु शर्मा, बृज मोहन व सत्यम वर्मा समेत अनेक कलाकार अपना शानदार अभिनय कर रहे हैं। ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग, सचिव दीपक हरित, कोषाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज, रामलीला प्रधान नरेंद्र जैन ने बताया कि 16 अक्तूबर को राम-सुग्रीव मित्रता व बाली वध की लीला का मंचन किया जाएगा।



राजा दशरथ के प्राण त्यागने का हुआ मार्मिक मंचन

महेंद्रगढ़। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के रंगमंच पर दशरथ मरण की मार्मिक लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह यादव मुख्यातिथि रहे, जबकि नगर पार्षद देवेंद्र सैनी सोनू ने अध्यक्षता और विशिष्ट अतिथि अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान नवीन मित्तल मौजूद रहे। वहीं महामण्डलेश्वर बुलबुल मेहनत के चेला तनीशा, खुशी, मन्नत, मस्तानी आदि विशेष आग्रह पर पहुंची। लीला में प्रेस क्लब संरक्षण पत्रकार मोहन लाल अग्रवाल, समाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा भी विशेष रूप से आमंत्रित रहे। विधायक ने कहा कि रामलीला हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का सशक्त माध्यम है।



दशरथ-कैकेयी संवाद का मंचन

महेंद्रगढ़। श्री रामलीला परिषद् द्वारा बुधवार रात्रि षष्ठम रजनी में कोप भवन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। लीला में मंथरा द्वारा कैकेयी को भड़काने, कैकेयी का कोप भवन में जाना तथा राजा दशरथ से दो वरदान मांगने के दृश्य का मार्मिक चित्रण किया गया। कैकेयी-मंथरा व दशरथ-कैकेयी संवाद के दौरान दर्शकों की आंखें नम हो गईं। राम वनवास की घोषणा सुनकर पूरे पंडाल में सन्नाटा छा गया। कलाकारों में दशरथ की भूमिका में सुधीर दीवान, कैकेयी में अनुष्का दलाल, मंथरा में आवारा, श्रीराम में विकास भारद्वाज व लक्ष्मण में विनय भारद्वाज ने उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।



राम ने किया खर-दूषण का वध



नारनौल। अनाज मंडी स्थित श्री कृष्णा ड्रैमेटिकल क्लब के रंगमंच पर भगवान नारायण सेवा संस्था की ओर से आयोजित रामलीला के आठवें दिन अत्रि-अनसूया मिलन, गुरु-चेला प्रसंग, सूर्पणखा की नाक काटने तथा खर-दूषण वध की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के सशक्त अभिनय और संवाद अदायगी ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। विशेष रूप से ध्रुव वर्मा ने सूर्पणखा का किरदार बेहद प्रभावशाली ढंग से निभाया, जिसे देखकर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई।

शृंगवेरपुर प्रवास, श्रीराम-केवट संवाद व दशरथ मरण की लीला ने किया भावुक

मंडी अटेली। अटेली मंडी झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के नौवें दिन शृंगवेरपुर प्रवास, श्रीराम-केवट संवाद, सुमंत विलाप और दशरथ मरण की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने रामायण के इन प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन के दौरान राम, लक्ष्मण व सीता की भेंट भीलों के राजा निषादराज से हुई। निषादराज ने अपने वन क्षेत्र में प्रभु श्रीराम का भावपूर्ण स्वागत किया।



न्यूज डायरी



भूरा भवानी मंदिर में स्कंद माता की पूजा

महेंद्रगढ़। माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में नवरात्र के पांचवे दिन मां स्कंद माता की पूजा-अर्चना की गई। महंत शक्तिनाथ महाराज ने बताया कि पांचवा नवरात्र मां स्कंदमाता को समर्पित है, जो भगवान कार्तिकेय स्कंद की माता हैं। वे ज्ञान, करुणा और ममता का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि तारकासुर नामक राक्षस को वरदान था कि उसकी मृत्यु केवल शिव पुत्र के हाथों ही हो सकती है। पार्वती ने भगवान शिव के पुत्र स्कंद कार्तिकेय को जन्म दिया। कमेटी के प्रधान संदीप यादव, सचिव मा. अनिल सिसोठिया व प्रेस सचिव मुकेश चौहान ने बताया कि मंदिर में रोजाना रात्रि आठ बजे दुर्गा स्तुति की जा रहीं है।



मॉडर्न स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई

महेंद्रगढ़। मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को अंग्रेजी ग्रामर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन भूपेंद्र सैनी के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान राखी खुशवाह ने स्कोरर व निकिता बरेला ने टाइम किपर की भूमिका बखुबी निभाई। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि मिडिल विंग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अंग्रेजी व्याकरण से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें टीम ई की नताशा, चिराग और उर्वशी की टीम ने 150 अंक प्राप्त कर प्रथम, टीम एच के पर्व, छवि और नक्ष की टीम ने 140 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा टीम सी के दिपांशु, सिया और नक्ष की टीम ने 120 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं।



बचपन स्कूल में हुई देवी मां की पूजा-अर्चना

महेंद्रगढ़। बचपन प्ले स्कूल पब्लिक स्कूल में नवरात्रि उत्सव के दौरान वीरवार को पंचम नवरात्रि पर मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई तथा बच्चों के द्वारा दुर्गा मैया की भक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इस दौरान बच्चों के द्वारा पेश किए गए डांडिया नृत्य तो बहुत ही सराहनीय रहा। विद्यालय चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि नवरात्रि पर्व मुख्य रूप से शक्ति देवी दुर्गा की आराधना, असत्य पर सत्य की विजय और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूप- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की विधि विधान से उपासना की जाती है। इस अवसर पर संस्थापक शेर सिंह सैनी, एमडी कुलदीप सैनी, प्राचार्या शालिनी गोयल, उप प्राचार्या मोनिका दीवान, बचपन हेड पूनम गोस्वामी एवं प्रवक्ता अमरसिंह सोनी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ व बच्चे भी उपस्थित रहे।

सीएल स्कूल के विद्यार्थी एनडीए में सफल

नारनौल। हाल ही में यूपीएससी की ओर से एनडीए का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल के होनहार छात्रों अक्षय जैन पुत्र राजीव जैन व विवेक पुत्र कंवल ने प्रथम प्रयास में ही एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र एवं संस्था का नाम रोशन किया। इस सफलता पर स्कूल में काफी उत्साह का माहौल रहा। अब सफल विद्यार्थी अगले चरण में अपनी प्रतिभा साबित कर सेना में अधिकारी बनने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। इस उपलब्धि पर संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने उनको बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्राचार्य रविन्द्र सिंह व अध्यापकगणों ने भी उनकी सफलता पर बधाई दी।

खबर संक्षेप

पुरानी कचहरी मैदान में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

नारनौल। पुरानी कचहरी मैदान में टाइगर क्लब परिवार की ओर से आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में बुधवार रात चौथे नवरात्र पर माता कुष्मांडा के स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। पंडित नारायण शास्त्री व पंडित गगन भारद्वाज ने क्लब के कोषाध्यक्ष मनोज सिंघल, उनके माता-पिता और मंडल के सदस्यों से विधि-विधान से पूजा करवाकर माता की ज्योति प्रज्वलित करवाई। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायक योगी अरमान ने गणेश वंदना के बाद माता रानी के भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भोले ओ भोले भजन पर श्रद्धालु झूम उठे।

विद्यार्थियों ने एथलीट मीट में दिखाया दम

सतनाली मंडी। राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज सतनाली में एथलीट मीट का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सतनाली के प्राचार्य जयवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधीर लांबा ने की। गजेंद्र सिंह, राजेश श्योराण व रामकिशन लांबा विशिष्ट अतिथि रहे। खेल प्रभारी डा. जगजीत सिंह ने बताया कि लड़कियों की हाई जंप में चंद्रपति प्रथम, सपना द्वितीय, निशा तृतीय स्थान पर रही। शॉटपुट में कंचन बाई प्रथम, निशु द्वितीय, रितिका तृतीय, 400 मीटर दौड़ में आरजू प्रथम, चंद्रपति द्वितीय, निशा तृतीय, 800 मीटर दौड़ में आरजू प्रथम, चंद्रपति द्वितीय, निशा तृतीय, लॉन्ग जंप में चंद्रपति प्रथम, पूजा द्वितीय, निशा तृतीय स्थान पर रही।



विद्यार्थियों का फील्ड सर्वे करवाया

महेंद्रगढ़। यदुवंशी डिग्री कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए फील्ड सर्वे करवाया गया। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भूगोल विषय से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें वास्तविक परिस्थितियों के आधार पर भौगोलिक तथ्यों को समझने का अवसर देना था। सर्वे के दौरान विद्यार्थियों ने अपने विभाग से संबंधित विभिन्न पहलुओं को नजदीक से समझा और क्षेत्रीय अध्ययन के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। फील्ड सर्वे के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विषय को वास्तविक जीवन से जोड़कर समझने का अवसर मिलता है। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखना चाहिए, विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण मिलना चाहिए, जिससे पढ़ाई के साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त कर सके।

हिंदुस्तान स्कूल सलीमपुर का एडिसन हाउस प्रथम



मंडी अटेली। हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में विद्यार्थियों के अंग्रेजी व्याकरण संबंधी ज्ञान को बढ़ाने और बौद्धिक क्षमता निखारने के उद्देश्य से इंग्लिश ग्रामर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दोनों स्तरों पर एडिसन हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पहले स्तर में कक्षा छठी से आठवीं व दूसरे स्तर में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले स्तर पर एडिसन हाउस की कक्षा छठी डायमंड की कल्पना, छठी पर्ल के हिमांशु, सातवीं डायमंड की इशिका, सातवीं पर्ल की वंशु, आठवीं डायमंड की मनशु और आठवीं पर्ल की रितिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्तर पर कक्षा नौवीं डायमंड की शिखा, नौवीं पर्ल के जतिन, दसवीं की जिया, 10वीं के देवेंद्र, 11वीं के ईशान और 12वीं के वंश विजेता रहे। प्राचार्य अनूप कुमार ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की योग्यता विकसित करती हैं।



आदित्य | हेमंत | मानसी

सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों ने मेरिट में लहराया परचम

महेंद्रगढ़। सूरज डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा, कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा घोषित एमए इंग्लिश द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार, हेमंत पुत्र प्रमोद कुमार निवासी माजरा कलां ने विश्वविद्यालय में प्रथम रैंक हासिल कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं आदित्य प्रसाद पुत्र संदीप प्रसाद निवासी बुचौली ने पांचवीं रैंक प्राप्त की, जबकि मानसी चौधरी पुत्री राकेश कुमार, निवासी रेवाड़ी ने आठवीं रैंक हासिल कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया।

राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के अवसर पर डीडीए कार्यालय में हुआ कार्यक्रम

कृषि क्षेत्र में महिला किसानों के योगदान पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग एवं महेंद्रगढ़ किसान क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के अवसर पर डीडीए कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले की महिला किसानों के साथ बैठक कर कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका, उनके योगदान तथा खेती से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिला किसानों को कृषि क्षेत्र में प्रोत्साहित करना, उन्हें कृषि की नवीन तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देना तथा खेती-किसानी में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में महिला किसानों की भागीदारी को बढ़ावा देने व कृषि क्षेत्र में उनकी भूमिका को उचित पहचान देने पर जोर दिया। अधिकारियों एवं किसान प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक के माध्यम से महिला किसानों और कृषि विभाग के बीच संवाद का अवसर मिला। उप कृषि निदेशक डॉ. नेहा ने कहा कि 15 अक्टूबर को राष्ट्रीय महिला किसान दिवस मनाने का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के योगदान और उनके सशक्तीकरण पर ध्यान देना है। महिला किसानों को प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने के साथ-साथ भूमि, संसाधनों, योजनाओं और निर्णय-प्रक्रिया तक उनकी पहुंच बढ़ाना जरूरी है। परिवार की आजीविका के साथ-साथ गांव और देश की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

डॉ. मनमीत यादव ने कहा कि महिलाएं खेती के हर चरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे बीज चयन, बीज उपचार, बुवाई, निराई-गुड़ाई, सिंचाई प्रबंधन, कटाई और उपज संभालने जैसे कार्यों में योगदान देती हैं। इसके साथ ही पशुपालन, दूध उत्पादन, चारा प्रबंधन, पशुओं की देखभाल और स्वच्छता की जिम्मेदारी भी निभाती हैं। कटाई के बाद छंटाई, भंडारण, मूल्य संवर्धन और घरेलू खाद्य सुरक्षा में भी महिलाओं की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि महिला किसानों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कृषि निदेशक डॉ. नेहा, उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. मनमीत यादव, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, विषय विशेषज्ञ डॉ. सतवीर चौहान, खंड कृषि अधिकारी डॉ. हिमांशु मान, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार, महिला किसान कविता देवी, मुलौदी, अनीता देवी, कुंजपुरा, सुनीता देवी, भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव, इंजीनियर अशोक कुमार, किसान क्लब के प्रधान पवन कुमार, महेंद्रगढ़ किसान क्लब के प्रधान विजेंद्र सिंह मौजूद रहे।

प्रतिभा खोज कार्यक्रम में बिखेरे हुनर

महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालयमें आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ। समापन समारोह में पूर्व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य मेजर एमआर लांबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं पूर्व प्राचार्य डॉ. पीके यादव व प्रोफेसर महेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. बलजीत सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी आगामी युवा महोत्सव में भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। मंच संचालन प्रोफेसर डॉ. सोमवीर ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. मुकेश कुमारी, प्रोफेसर अलका एवं डॉ. अनीता यादव शामिल रही।

PUBLIC NOTICE

I, Sultan Singh S/O Sheo Narayan, R/O Vill. Sekhpura, Tehsil Narnaul, Distt. Mahendragarh (Haryana) have changed my name from Sultan to Sultan Singh.

ग्राम पंचायत श्योरामनाथपुरा (सिलारपुर)
खण्ड नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा

सार्वजनिक सूचना

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी नांगल चौधरी के पत्र के अनुसार इस पंचायत में एक रिक्त पद सफाई कर्मचारी की भर्ती की जानी है।

आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि
19.10.2026 से 26.10.2026 तक
साक्षात्कार की तिथि
27.10.2026 (03.00 बजे)
स्थान : खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी नांगल चौधरी

सरपंच
ग्राम पंचायत श्योरामनाथपुरा (सिलारपुर)

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड का आभार

उदयपुर सिटी- दिल्ली सराय साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का होगा संचालन, नारनौल-अटेली-निजामपुर स्टेशन पर ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उदयपुर सिटी–दिल्ली सराय–उदयपुर सिटी के बीच साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के इस निर्णय से नारनौल, अटेली, निजामपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के रेल यात्रियों में खुशी और उत्साह का माहौल है। यह रेलसेवा क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



रेलवे स्टेशन

साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का समय एवं संचालन अवधि

▶▶ गाड़ी संख्या 09617 (उदयपुर सिटी से दिल्ली सराय रोहिल्ला) प्रत्येक बुधवार, पहली तारीख 21 अक्टूबर 2026 से अंतिम तारीख 25 नवंबर 2026 तक कुल 6 फेरे। उदयपुर सिटी से रात 9:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 11:15 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी।

▶▶ गाड़ी संख्या 09618 (दिल्ली सराय रोहिल्ला से उदयपुर सिटी) प्रत्येक गुरुवार, पहली तारीख 22 अक्टूबर 2026 से अंतिम तारीख 26 नवंबर 2026 तक कुल 6 फेरे। दिल्ली सराय रोहिल्ला से दोपहर 1:45 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 4:00 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी।

नारनौल और अटेली स्टेशन पर निर्धारित ठहराव

जारी समय-सारणी के अनुसार, उदयपुर सिटी से दिल्ली सराय जाने वाली गाड़ी संख्या 09617 नारनौल स्टेशन पर सुबह 7:40 बजे पहुंचेगी और 7:42 बजे प्रस्थान करेगी। इसके बाद ट्रेन अटेली स्टेशन पर सुबह 7:58 बजे पहुंचेगी और 8:00 बजे रवाना होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09618 दिल्ली सराय से उदयपुर सिटी जाते समय अटेली स्टेशन पर शाम 3:37 बजे पहुंचेगी और 3:39 बजे प्रस्थान करेगी। इसके बाद नारनौल स्टेशन पर शाम 3:50 बजे आगमन और 3:52 बजे प्रस्थान का समय निर्धारित है। दैनिक रेलयात्री जागरूक मंच नारनौल-अटेली-निजामपुर की ओर से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा रेलवे बोर्ड के प्रति आभार व्यक्त किया है। मंच के अध्यक्ष अशोक कटारिया का मानना है कि रेल यात्रियों की सुविधाओं में सुधार तभी सार्थक होगा, जब क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए नियमित और पर्याप्त रेल संपर्क उपलब्ध कराया जाए। यह स्पेशल ट्रेन भले ही निर्धारित अवधि और छह-छह फेरों के लिए संचालित की जा रही हो, लेकिन इससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। और हम उम्मीद करते हैं कि इसको रेलवे बोर्ड जल्दी परमानेंट नंबरों के साथ चलाएगा, यह रेलगाड़ी चेतन एक्सप्रेस की भीड़ को भी कम करने का काम करेगी।

समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनीं नागरिकों की फरियाद

नारनौल। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। इसी क्रम में जिले के सभी उपमंडलों में भी संबंधित एसडीएम ने समाधान शिविर लगाकर लोगों की शिकायतें सुनी। उपायुक्त ने बताया कि इन शिविरों में कोई भी नागरिक अपनी किसी भी प्रकार की समस्या बेझिझक रख सकता है। सभी शिकायतों की निगरानी मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सीधे की जाती है।

एचकेआरएन कर्मियों को नहीं मिला वेतन 27 सूत्रीय मांगों को लेकर सांकेतिक धरना

दोपहर तक अधिकारी के नहीं पहुंचने पर जताई नाराजगी

तीन महीने से समाधान के नाम पर गुमराह का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ मुख्यालय चरखी दादरी की पब्लिक हेल्थ ब्रांच नारनौल की ओर से वीरवार को कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान रमेश चंद्र यादव ने की, जबकि मंच संचालन ब्रांच प्रधान रामशरण यादव ने किया। कर्मचारियों ने विभाग पर उनकी जायज मांगों का समाधान नहीं करने और बार-बार आश्वासन देकर मामले को लंबित रखने का आरोप लगाया। जिला प्रधान रमेश चंद्र यादव व ब्रांच प्रधान रामशरण यादव ने कहा कि कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं दिया गया है। इसके अलावा कर्मचारियों के वृद्धि भत्ते, शिक्षा भत्ता, जूते, डांगरी, रेनकोट, प्लास-पेचकस सहित आवश्यक सुविधाएं भी समय पर उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं। संगठन की ओर से कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 27 सूत्रीय मांग पत्र पहले ही विभाग को दिया जा चुका है। चेयरमैन राधेश्याम शर्मा, राज्य प्रेस सचिव योगेश कुमार, मुख्य सलाहकार दलीप कुमार, सहीराम, सचिव संदीप, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, उपप्रधान धर्मबीर, मास्टर शेरसिंह, महीपाल, हवासिंह, कृष्ण कुमार, मानसिंह, पवन कुमार, लालाराम आदि मौजूद रहे।


नारनौल। मांगों को लेकर धरना देते कर्मचारी।

अभी तक समाधान नहीं निकला

पदाधिकारियों ने कहा कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार को धरना दिया गया। उन्होंने बताया कि दोपहर दो बजे तक कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर बातचीत के लिए नहीं पहुंचा। इससे कर्मचारियों में रोष देखा गया। संगठन ने कहा कि यदि अधिकारियों की ओर से बातचीत कर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आगे बड़े आंदोलन पर विचार किया जाएगा। यूनियन ने कहा कि इस संबंध में अधीक्षण अभियंता को भी अवगत कराया गया था, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आगामी दिनों में जिला स्तर पर आंदोलन को और तेज किया जा सकता है।

17 को होगी बैठक

रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक यादव धर्मशाला में 17 अक्टूबर सुबह 10 बजे होगी। जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रधान घनश्याम शर्मा करेंगे। यह जानकारी देते हुए संघ के जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश ढायमां ने बताया कि बैठक में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर (जंतर-मंतर) पर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन 12 दिसंबर को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा।

बिजली कर्मियों का तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सिटी उपमंडल में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) के नेतृत्व में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन वीरवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान सिटी एवं सब-अर्बन उपमंडल के कर्मचारियों और संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विभागीय कार्यप्रणाली और लंबित समस्याओं के प्रति अपना रोष व्यक्त किया। संगठन ने बताया कि कर्मचारी मंगलवार से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन लगातार तीसरे दिन भी सिटी उपमंडल अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं मिले। संगठन के अनुसार मंगलवार को एसडीओ लगभग एक घंटे के लिए कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन उसके बाद से वे कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। अधीक्षण अभियंता कार्यालय सर्कल से 743 टीएनपी किट एवं सुरक्षा उपकरण जारी किए जा चुके हैं, जबकि सर्कल में 140 नियमित एएलएम और 402 कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों सहित कुल 542 कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें टीएनपी किट की आवश्यकता है।



पंचायत की भूमिका निभाते विद्यार्थियों ने सीखा जनहित फैसलों का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित जिला स्तरीय यूथ पंचायत प्रतियोगिता की चौथी कड़ी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में आयोजित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक के मार्गदर्शन में चल रही इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को ग्रामीण स्वशासन की कार्यप्रणाली समझने और लोकतांत्रिक व्यवहार का अभ्यास करने का अवसर मिला। शुभारंभ डाइट प्रवक्ता डॉ. राकेश यादव व प्राचार्य आनंद पाल ने किया। आयोजन का संयोजन राजनीति विज्ञान प्रवक्ता डॉ प्रियंका ने किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पंचायत से जुड़ी विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए यह समझने का प्रयास किया कि गांव की समस्याओं को उठाने, विकास की प्राथमिकताएं निर्धारित करने और जनहित में निर्णय लेने के लिए संवाद तथा सामूहिक विचार-विमर्श कितना आवश्यक है। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन की जिम्मेदारी डाइट प्रवक्ता डॉ. राकेश यादव, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर के प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा, डाइट से डॉ नरेश कुमार, डॉ. किरण यादव, डॉ. जितेंद्र बोहरा ने निभाई। शिक्षक सुनील कुमार, दीपक कुमार, मनीषा, रेखा, डॉ. प्रियंका, शकुंतला ग्राम सरपंच सहित अन्य उपस्थित रहे।


नारनौल। यूथ पंचायत में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

बसई व खुडाना में रात्रि ठहराव वाली बसें बंद होने से ग्रामीणों में रोष

महेंद्रगढ़। क्षेत्र के बड़े गांव बसई और खुडाना में रात्रि के समय ठहराव करने वाली बस बंद होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि आवागमन की उचित सुविधा न मिलने के कारण क्षेत्र के लोगों और दैनिक यात्रियों में रोष बढ़ता जा रहा है। बसई के सरपंच प्रतिनिधी भरत सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गांवों में बसें पुनः चलवाने की मांग को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिनिधि विधायक कंवर सिंह यादव से दो बार मुलाकात कर चुके हैं। इसके अलावा समाधान शिविर के माध्यम से जिला उपायुक्त और एसडीएम को भी इस समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, परंतु इतने प्रयास के बाद भी बसों का संचालन शुरू नहीं किया गया है।

खबर संक्षेप



समाधान शिविर के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

महेंद्रगढ़। लघु सचिवालय में हर वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविर में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन ने हेल्प डेस्क स्थापित की है। अब आमजन को शिकायत लिखवाने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। बीते सप्ताह सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों ने डीसी अनुपमा अंजलि के नाम एसडीएम योगेश सैनी को ज्ञापन सौंपा था। इसमें बताया गया था कि दूर-दराज के गांवों से आने वाले गरीब और कम पढ़े-लिखे लोग अपनी शिकायतें लिखने में असमर्थ होते हैं। कुछ लोग इसका फायदा उठाकर शिकायत लिखने के नाम पर पैसे वसूलते हैं।



हर शिकायत का समाधान सुनिश्चित करें विभागाध्यक्ष

महेंद्रगढ़। लघु सचिवालय परिसर स्थित कोर्ट रूम में वीरवार को डीसी अनुपमा अंजली के मार्गदर्शन में समाधान शिविर लगाया गया। जिसमें एसडीएम योगेश सैनी ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान डीएमसी रणबीर सिंह व एएसपी वीरेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। एएसपी वीरेन्द्र सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 30 शिकायतें पंजीकृत हुई। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान करना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है।



आईटीआई छात्राओं को मिला आयुर्वेद का मंत्र

नारनौल। सेवा संकल्प अभियान के तहत वीरवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा। यह शिविर बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने लगाया। जिसमें छात्राओं और उपस्थितजनों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. प्रियंका यादव, डॉ. दीपिका, डॉ. रवीना यादव, डॉ. वंदना, जयंत कुमार, रिंकू और सिमरन ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान दैनिक जीवन में आयुर्वेद के महत्व पर भी जानकारी दी गई। अंत में संस्थान के प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह ने मेडिकल कॉलेज से आए सभी चिकित्सकों व स्टाफ का आभार व्यक्त किया।



सेवा संकल्प अभियान के तहत 250 मरीजों की जांच

महेंद्रगढ़। अनाज मंडी स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगाए गए शिविर में करीब 250 मरीजों की जांच की गई। शिविर में कान, नाक एवं गला, आंखों और दांतों से संबंधित समस्याओं की जांच के साथ मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, वहीं दांतों की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए टूथपेस्ट भी बांटे गए। शिविर में मरीजों को एक ही छत के नीचे तीन तरह की चिकित्सा सेवाएं कान, नाक, गला, आंखों और दांतों से जुड़ी समस्याओं की जांच करवाने का अवसर मिला।


मंडी अटेली। टूटे नाले को दिखाते सरपंच व अन्य ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सड़क के बीच धंसा नाला हादसे का बढ़ा खतरा

- सिहमा-अटेली मार्ग पर दो माह से नाला क्षतिग्रस्त, मरम्मत और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज मंडी अटेली

सिहमा-अटेली सड़क मार्ग पर सागरपुर बस स्टैंड के समीप सड़क के बीच धंसे नाले की समस्या को लेकर वीरवार सुबह ग्रामीण एकत्रित हुए। ग्रामीणों ने नाले की खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए संबंधित विभाग से जल्द मरम्मत करवाने की मांग की है। नाले की लोहे की चैनल अंदर धंसने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि कुछ वाहन चालकों ने नाले के अंदर कंक्रीट के पत्थर डालने शुरू कर दिए हैं, ताकि यहां से गुजरते समय परेशानी कम हो सके।

समाधान नहीं हुआ

नाले का निर्माण लोक निर्माण विभाग की ओर से करवाया गया था। शुरूआत में नाले में पाइप डाले गए थे, लेकिन पाइपों में सरिया नहीं होने के कारण वे जल्द टूट गए। समस्या को लेकर मुख्यमंत्री पटल पर शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ जितेंद्र ने बताया कि सागरपुर बस स्टैंड के पास नाला धंसने की समस्या उनके संज्ञान में है।
-सुबेसिंह, सरपंच

नालसा की योजनाएं अब गांव-गांव तक पहुंचेंगी

नारनौल। कोई गरीब या वंचित व्यक्ति कानून की जानकारी के अभाव में न्याय से दूर न रह जाए, इसी मकसद से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नालसा की योजनाओं को गांवों तक पहुंचाने की तैयारी शुरू कर दी है। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों और जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरपर्सन डॉ. रितु वाईके बहल के मार्गदर्शन में चल रही नालसा योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए मेगा ड्राइव के तहत इस सिलसिले में बैठक हुई। प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अंकित चौहान के साथ बैठक कर अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की।

बाजरे की खरीद में गड़बड़ी करने वाले आढ़तियों के होंगे लाइसेंस रद्द: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

बाजरा की सरकारी खरीद के दौरान मंडी तथा खरीद केंद्र पर बोगस खरीद नहीं होने दी जाएगी। अगर कोई भी आढ़ती कहीं कोई गलत तरीका अपनाता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई जाएगी। लाइसेंस भी रद्द किया जाएगा। यह बात एसडीएम योगेश सैनी ने वीरवार शाम को महेंद्रगढ़ अनाज मंडी में आढ़तियो से बाजरे की खरीद की समीक्षा करते समय कही। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि मंडियों में किसानों की सहूलियत के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं की गई है। जिला प्रशासन सभी मंडियों तथा खरीद केंद्र पर कड़ी नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश है कि मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर दर्ज सभी किसानों का बाजरा सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा तथा गलत तरीका अपनाने वाले आढ़तियों को नोटिस देकर उनका लाइसेंस रद्द किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि सभी आढ़ती बाजरे की फसल को खुले में ना रखें और बारिश से बचाने के लिए फसल को तिरपाल से ढककर रखें। इसके अलावा बाजरा खरीद के बाद उसके उठान की प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।


महेंद्रगढ़। आढ़तियों की बैठक लेते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

राज्य महिला आयोग की सदस्य भारती सैनी ने कहा

आजादी के नाम पर भ्रम फैलाना गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने, अपनी समस्याओं को उठाने, सरकार की नीतियों पर सवाल करने तथा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने का पूरा अधिकार है। यही हमारे लोकतंत्र की ताकत है लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह कतई नहीं है कि कोई व्यक्ति झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाकर आम जनता को गुमराह करें, किसी के सम्मान को ठेस पहुंचाए या समाज में तनाव और अराजकता का माहौल पैदा करने का प्रयास करे। यह बात हरियाणा राज्य महिला आयोग की सदस्य भारती सैनी ने सामाजिक सद्भाव, लोकतांत्रिक मर्यादाओं और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार पर अपने विचार हरिभूमि से विशेष बातचीत में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय पर असहमति होना स्वाभाविक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात तथ्यों और तर्कों के आधार पर रखने का अधिकार है।

झूठा प्रचार समाज के विश्वास को करता है कमजोर



भारती सैनी ने कहा कि आज सोशल मीडिया और विभिन्न संचार माध्यमों के जरिए कोई भी सूचना बहुत तेजी से लोगों तक पहुंच जाती है। ऐसे में बिना सत्यापन के किसी खबर, वीडियो, बयान या आरोप को आगे बढ़ाना समाज के लिए नुकसानदायक हो सकता है। किसी भी व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की जांच तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर होनी चाहिए। केवल आरोप लगा देने से कोई बात सत्य साबित नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि जनता को जागरूक रहना चाहिए और किसी भी विवाद में एकतरफा जानकारी के आधार पर निष्कर्ष निकालने से बचना चाहिए। सच्चाई सामने लाने का सबसे उचित तरीका तथ्यों, दस्तावेजों और निष्पक्ष जांच पर भरोसा करना है।

विरोध का अधिकार, हिंसा और धमकी का नहीं

लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का सम्मान होना चाहिए, लेकिन विरोध के नाम पर हिंसा, धमकी, तोड़फोड़, जबरन दबाव या सार्वजनिक शांति भंग करने जैसी गतिविधियों को उचित नहीं ठहराया जा सकता। कानून सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होता है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा कानून का उल्लंघन किए जाने के प्रमाण मिलते हैं, तो निष्पक्ष जांच हो।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005